हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 जल संरक्षण-स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी...



12 पुरुष 1500 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के राहुल.....



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव सिवाहा के निकट से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ कर्मी गांव सिवाहा में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान युवक पुलिसकर्मियों को देखकर भागने लगा। जिस पर कर्मियों ने पीछा कर उसे दबोचा।

### दुकान में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रवि की शिकायत अनुसार उनकी करनाल रोड स्थित रवि ज्वेलर्स दुकान को 17 की शाम बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन दुकान खोलने पर सामान बिखरा मिला।

### खिड़की की ग्रिल उखाड जेवरात तथा नकदी चोरी

**जींद।** गांव मालवी में परिवार के लोग घूमने गए हुए थे। पीछे से चोरों ने मकान की खिड़की तथा रोशनदान की ग्रिल तोड़ कर सोने के जेवरात, 88 हजार की नगदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालवी निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज करवाई है।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर क्षेत्र के गांव की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना सदर पुलिस की लेडी एचसी रेखा द्वारा पीड़िता के पति गांव जडौला निवासी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 17 मार्च 2025 को प्रवीन उपरोक्त के साथ हुई थी।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बाइक चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए आरोपित से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। उचाना थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने बताया कि बडौदा निवासी सोनू ने शिकायत पर बताया था कि बाइक को राजीव गांधी कॉलेज के सामने अपने परिचित की दुकान पर बिना लॉक किए खड़ी किया था।

### सील की गई प्रॉपर्टी में घुसने पर मामला दर्ज

**कैथल।** कलायत थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी द्वारा सील की गई प्रॉपर्टी की सील तोड़ने तथा धमकी देने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में आधार हाउसिंग के अधिकृत अधिकारी मोहनदीप ने थाना कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी द्वारा ऋण की अदायगी न करने पर कलायत के एक प्रॉपर्टी को सील कर दिया गया था।

### महिला से मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव दुर्जनपुर में महिला से मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दुर्जनपुर निवासी बिमला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### खेतों से 110 फीट तार चुराकर व्यक्ति फरार

**कैथल।** जिले में चोर अलग अलग स्थानों से एक गाडी तथा केबल चुराकर ले गए। पहले मामले में गांव भूना के रामशरण ने सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 फरवरी की रात को सुखा नामक व्यक्ति द्वारा उसके तथा पड़ोसी के कांगथली स्थित खेतों से करीब 110 फीट केबल चुराकर फरार हो गया।

# जींद: जिला बार एसोसिएशन का चुनाव आज, किसके सिर पर सजेगा ताज

## 1400 अधिवक्ता करेंगे प्रधान पद समेत दस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला बार एसोसिएशन का चुनाव का शुक्रवार को होगा। 27 फरवरी को हो रहे चुनाव की तारिख का फैसला ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में मतदान के माध्यम से हुआ। 1400 बार सदस्यों मे से 579 अधिवक्ताओं ने मतदान में भाग लिया। जिसमें से 482 ने चुनाव के पक्ष मे मतदान किया। जबकि 93 अधिवक्ताओं ने खिलाफ में मत डाला। जबकि चार मत कैंसिल हो गए। मतदान बहुमत को देखते अब हुए 27 फरवरी को बार चुनाव के लिए मतदान होगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। जिसके बाद गिनती होगी और परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। निर्वतमान प्रधान गुट चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। 27 फरवरी को होने वाले चुनाव मे 1400 सौ अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग कर के बार एसो के चार पदाधिकारियों के भाग्य का फैसला करेंगें। प्रधान पद के लिए अरविंद लाठर, संजीत मलिक, उप प्रधान पद के लिए संदीप पाहवा, विरेंद्र कुंडू, सचिव पद के लिए कुमारी किरणदीप, नवीन, नीरज सैनी, सहसचिव के लिए संदीप कुमार, सागर खुराना शामिल हैं।



**जींद।** बार चुनाव के लिए जनमत को लेकर मतदान करवाते हुए।



**जींद।** बार चुनाव को लेकर जानकारी देते रिटर्निंग अधिकारी दलबीर शर्मा।

### सुबह आठ से शाम चार बजे तक मतदान

जिला बार चुनाव के रिर्टनिंग ऑफिसर दलबीर शर्मा ने बताया कि मतदान 27 फरवरी को होगा। चुनाव संपन्न करवाने के आठ सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। जिसके बाद गिनती होगी और परिणाम घोषित कर दिया जाएगा

### होने वाले चुनाव का बहिष्कार करेंगे: निवर्तमान प्रधान

निवर्तमान प्रधान विकास लोहान ने बताया कि जनमत मतदान पूरी से गैर संवैधानिक था। एक पक्ष ने जनमत मतदान में भाग लेने से मना कर दिया था। वे 27 फरवरी को होने वाले चुनाव को बहिष्कार करेंगें

### चुनाव को लेकर दो धड़ों में बंटी बार एसोसिएशन

जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर जिला बार दो धड़ों में बंटा हुआ था। निवर्तमान प्रधान पक्ष 27 फरवरी को चुनाव करने के पक्ष में नही था। दूसरे पक्ष 27 फरवरी को चुनाव के पक्ष में था। डीसी तथा एसपी की मध्यस्थता से चुनाव से पूर्व 26 फरवरी जनमत मतदान करवाया गया। जिसमें 27 फरवरी को चुनाव कराने के पक्ष में ज्यादा मत मिले। जनमत मतदान को के दौरान पुलिसबल को तैनात रखा गया है। दूसरे गुट ने जनमत मतदान को मानने से मना कर दिया है।



**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह परीक्षा केंद्र का दौरा करते। फोटो :हरिभूमि

# सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से सुनिश्चित की जाए: गुरविंद्र

## विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वीरवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों द्वारा परीक्षा को नकल रहित और शांति पूर्ण करवाने के लिए पूरी निगरानी रखी। डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में अधिकारियों द्वारा जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसपी उपासना ने राजकीय विद्यालय पूंडरी का दौरा करने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दें। इसके अलावा डीएमसी कपिल शर्मा ने राजकीय स्कूल मुंदड़ी, एसडीएम कैथल गुरविंद्र सिंह ने क्योड़क, नौंच राजकीय स्कूल, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार ने कौल, फरल, पबनावा व ढांड राजकीय स्कूल, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सुरेंद्र ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल, एक्सईएन सतपाल गोपेरा ने जाट स्कूल, पट्टी अफगान, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ने दीवाल, बाबालदाना आदि परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को जांचा तथा डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

# 10वीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा नकल रहित संपन्न

मेहनत के साथ परीक्षा दे और नकल करने की कोशिश न करे

### बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा वीरवार को नकल रहित रही। इससे पहले बुधवार को शुरू हुई 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा भी नकल रहित रही थी। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च तक व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक होंगी। बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड की जांच की जाती है। परीक्षाओं के निष्पक्षए शांतिपूर्ण एवं निर्बाध संचालन व परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप की रोकथाम के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध है। इसके अतिरिक्त परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान फोटोस्टेट की दुकानों के संचालन पर भी प्रतिबंध है। जिला प्रश्न पत्र टीम अधीक्षक राजेंद्र ने बताया कि वीरवार को 10वीं कक्षा की परीक्षा नकल रहित रही है। परीक्षा को नकल रहित करवाए जाने को लेकर उडनदस्ता टीम द्वारा लगातार टीमों का गठन किया गया है, जो परीक्षा के दौरान लगातार केंद्रों का निरीक्षण करती रहती है। ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि वह तैयारी कर मेहनत के साथ परीक्षा दे और नकल करने की कोशिश नहीं करे। जुलाना के एसडीएम होशियार ने सिंह वीरवार भिवानी शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं एवं बारहवीं की चल रही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना का निरीक्षण किया और उसके बाद झमौलाए गतौली में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का भी दौरा किया। एसडीएम होशियार सिंह ने परीक्षाओं को पूर्णतः नकल रहित, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए केंद्र अधीक्षकों व ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रश्न पत्र वितरण प्रक्रिया, सीसीटीवी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध व विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।



**जींद।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### नकल का कोई भी केस नहीं आया सामने

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की वार्षिक परीक्षाओं के दूसरे दिन वीरवार को 10वीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान नकल का कोई केस नहीं बना। वार्षिक परीक्षा के पहले कैथल में जींद रोड पर एवरग्रीन स्कूल में बने परीक्षा केंद्र में नकल का एक केस मिला था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी थी। दूसरे दिन अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में इस बार 17 हजार 305 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 10वीं 9624 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं व फ्लाइंग की टीमें भी सक्रिय हैं।

# माफी नहीं मांगी तो कहीं भी नही होने देंगे कार्यक्रम

## सिंगर मासूम शर्मा, मुआना पूर्व सरपंच स्टेज विवाद

- हरियाणा प्रदेश सरपंच एसोसिएशन ने सिंगर के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सिंगर मासूम शर्मा, मुआना पूर्व सरपंच स्टेज विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव हैबतपुर में हरियाणा प्रदेश सरपंच एसो ने गुरूवार को बैठक की। बैठक में हरियाणवी गायक मासूम शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलते ऐलान किया कि उनके द्वारा हरियाणा ही नही पूरे देश के जनप्रतिनिधियों और खास कर पंचायत प्रतिनिधियों का अपमान किया गया है। ऐसे में मासूम शर्मा सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो हरियाणा के किसी भी गांव में उनके कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरपंच एसो ने प्रदेश सरकार से भी मांग की कि अपने गानों के माध्यम से गन कलर को बढ़ावा दे रहे मासूम के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए और जो पुलिस सुरक्षा उन्हें मुहैया करवाई गई है, उसे तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। गांव हैबतपुर में गुरूवार को हरियाणा सरपंच एसो की प्रदेशस्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष रणवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्पष्ट कहा गया कि सिंगर मासूम शर्मा ने कार्यक्रम में मुआना गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा को ही नही बल्कि देश व प्रदेश के चुने प्रतिनिधियों का अपमान किया है। इसके लिए मासूम को सार्वजनिक रूप से जनप्रतिनिधियों से माफी मांगने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया। आगामी तीन दिनों में मासूम शर्मा ने माफी नही मांगी तो हरियाणा के किसी भी गांव में उनके कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक के पत्रकारों से बातचीत में प्रदेशाध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि मासूम शर्मा गन कल्चर को अपने गानों के माध्यम से प्रमोट करते हैं। जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ती है। सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो या वीडियो अपलोड करने पर एफआई दर्ज हो जाती है लेकिन मासूम शर्मा के मामले में ऐसा नही हुआ है। ऐसे में उनके खिलाफ भी मामला दर्ज होना चाहिए। हरियाणा पुलिस की जो सुरक्षा उन्हें मिली हुई हैए उसका मासूम शर्मा नाजायज फायदा उठाकर पुलिस का भी मजाक बना रहे हैं। इसके मद्देनजर उन्हें मुहैया करवाई गई पुलिस सुरक्षा तुरंत प्रभाव से वापस ली जाए।



**जींद।** बैठक में भाग लेते सरपंच। फोटो :हरिभूमि

# जींद-दिल्ली रूट पर 28 को ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

घेवरा और बहादुरगढ़ स्टेशन के बीच पुल पर स्लैब बिछाने के काम के चलते 28 फरवरी को जींद-दिल्ली रूट पर ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रेन नंबर 64912, ट्रेन नंबर 64915, ट्रेन नंबर 54034, ट्रेन नंबर 54031, ट्रेन नंबर 64932, ट्रेन नंबर 64931, ट्रेन नंबर 54032, ट्रेन नंबर 54035 व ट्रेन नंबर 54033 28 को रद रहेगी। इसके अलावा ट्रेन नंबर 12481-12482 श्री गंगानगर एक्सप्रेस को रोहतक तक ही चलाया जाएगा। इसके अलावा ट्रेन नंबर 54036 को जींद तक चलाया जाएगा। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रेन नंबर 64912 रोहतक-नई दिल्ली मेमू ट्रेन सुबह 5:40 पर जींद से चल कर बिशनपुरा हरियाणा, किनाना, जैजैवंती, जुलाना, किलाजफरगढ़, करैंथी, समरगोपालपुर, सांपला, बहादुरगढ़, घेवरा, मुंडका, नांगलोई, दयाबस्ती के रास्ते सुबह लगभग दस बजे नई दिल्ली पहुंचती है। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 64915 सुबह सवा दस बजे नई दिल्ली से रोहतक, समरगोपालपुर के रास्ते लगभग डेढ़ बजे जींद पहुंचती है।

# सील की फैक्ट्री से 7933 लीटर घी तथा ऑयल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिल्लूखेड़ा के धड़ौली रोड संदिग्ध घी सील की की गई फैक्टरी का बीती रात ताला तोड़ कर 297 सील पेटी तथा 15 लीटर वाले 150 टीन रिफाइंड ऑयल के चोरी कर लिया। फैक्टरी को खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा लगभग एक माह पहले सील किया था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने फैक्टरी मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने लगभग चार माह पहले पिल्लूखेड़ा के धड़ौली रोड पर घी फैक्टरी लगाई थी। गत 15 जनवरी को खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने फैक्टरी से घी के सैंपल लेकर गोदाम को सील कर दिया था। जिसमें 297 घी की पेटी 4683 लीटर घी था। इसके अलावा 150 टीन वनस्पति ऑयल 15 लीटर वाले थे। जिनमें 2250 वनस्पति ऑयल था। जिसमें चोरों ने गोदाम पर लगे तालों को तोड़ कर घी की पेटियों तथा तथा वनस्पति ऑयल के टीनों को चोरी कर लिया। 15 फरवरी को शादी होने के कारण वह कुछ दिन फैक्टरी में नही जा सका।

## यात्रियों को मिला एसी सुविधा से लैस आधुनिक बसों में सफर करने का मौका

# कैथल से कुरूक्षेत्र के लिए प्रारंभ की इलेक्ट्रिक बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा जिले में पहली बार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। अब यात्रियों को ए.सी. सुविधा से लैस आधुनिक बसों में सफर करने का अवसर मिलेगा। हालांकि इसके लिए 35 रुपए अतिरिक्त किराया देना होगा। कुरुक्षेत्र डिपो ने कैथल-कुरुक्षेत्र रूट पर यह इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की है। यात्रियों को कुरुक्षेत्र के लिए 85 रुपये किराया देना होगा। शुरूआत में 2 बसों का संचालन शुरू किया गया है। जबकि करनाल डिपो द्वारा जल्द ही ट्रायल के तौर पर इसे शुरू किया जाएगा। यदि सफल हुई तो नियमित रूप से संचालन शुरू होगा। समय सारिणी के मुताबिक इलेक्ट्रिक बस रोजाना सुबह 10 और शाम 5 बजे कैथल से कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होगी। एसी सुविधा और आरामदायक सीटों के कारण इन बसों में सफर पहले से अधिक सुविधाजनक रहेगा। परिवहन विभाग अनुसार इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से डीजल की खपत में कमी आएगी और प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा। यात्रियों में नई सेवा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि कैथल डिपो में इससे पहले कभी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन नहीं हुआ था। पहली बार शुरू हुई इस सेवा को लेकर यात्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। कई यात्रियों ने बसों की साफ-सफाई, आरामदायक सीटों पर बैठकर सफर करने को मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से डीजल की खपत में कमी आएगी और वायु प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा। इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती हैं और शहरी क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण भी कम करती हैं। इससे सरकार के ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को भी बल मिलेगा।



### बसों का संचालन प्रारंभ

हरिरयाणा रोडवेज कुरूक्षेत्र के यातायात प्रबंधक शेर सिंह ने बताया कि कैथल से कुरूक्षेत्र के लिए दो बस चलाई हैं। यदि इस सेवा को अच्छा रिस्पांस मिलता है तो भविष्य में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा। अभी कैथल रूट पर सुबह व शाम के समय इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ईश्वर की कोई रचना व्यर्थ नहीं: अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर समिति के कार्यालय में गायत्री यज्ञ के बाद अपने विचार व्यक्त किए।
उन्होंने कहा कि संसार के सभी प्राणी हमारे शरीर के विभिन्न अंगों की तरह विराट प्रकृति के विभिन्न अंग है। बहुत से जीव व जंतु खेतीबाड़ी के काम आते हैं। बहुत से सवारी तथा बोझा ढोने के काम आते हैं।

### राजस्व से जुड़े मामलों में समयबद्ध कार्यवाही जरूरी

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंतकाल और डी मार्केशन से जुड़े सभी लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है।

### कार्यालय पर कालिख पोत जय श्रीराम लिखा

जींद। शर्मा नगर स्थित आरपीआई कार्यालय के बाहर लिखे बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के नाम पर कालिख पोत कर जय श्रीराम लिखने के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की है। हालांकि शिकायत दिए हुए एक सप्ताह होने को हो। गुरूवार को सफीदों निवासी सुनील कुमार और रामकिशन ने बताया कि जींद के शर्मा नगर में किराये पर लेकर आरपीआई कार्यालय खोला है।

### समाधान शिविर से हो रहा लोगों को फायदा

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय में गुरूवार को समाधान शिविर में दो घंटे एसडीएम दलजीत सिंह ने जनसमस्याओं को सुना। समस्याओं के समाधान को लेकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए। विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे। परिवार पहचान पत्र, पेंशन संबंधित शिकायत सबसे अधिक रही। पेंशन, परिवार पहचान पत्र की समस्याओं का समाधान जल्द करने के निर्देश एसडीएम ने दिए।

### मुफ्त आयुर्वेद कैंप का आयोजन 28 को

**उचाना।** आयुर्वेद प्रसिद्ध डॉ. जितेंद्र गिल भारतीय चिकित्सा परिषद के सदस्य हनुमान मंदिर उचाना मंडी में निशुल्क सेवाएं देंगे। मुफ्त कैंप में कई बीमारियां जिनमें शुगर, जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, बीपी कोलेस्ट्रोल का बढ़ना आदि का आयुर्वेद के माध्यम से इलाज किया जाएगा। समाज सेविका सुमन ने बताया कि उचाना मंडी के हनुमान मंदिर स्थित सेठ सीताराम धर्मशाला में 28 12 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक कैंप लगाया जाएगा।

### सीएम की रैली से खुले विकसित उचाना के द्वार

**उचाना।** मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग उचाना खुर्द ने कहा कि 18 फरवरी को हुई उचाना में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना विकास रैली से विकसित उचाना के द्वार खुले है। सीएम नायब सिंह सैनी ने हर मांग को जनसभा में उमड़ी रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के सामने मानने का काम किया।

## इंडस स्कूल जूनियर विंग में वार्षिक स्पोटर्स मीट आयोजित

# खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम: मलिक

### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट बड़े ही उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि राजकीय कालेज के प्राचार्य सत्यवान मलिक, इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के कोऑर्डिनेटर प्रवीण परुथी, नेहा नोहारिया एडिशनल सेशन जज, निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, सतीश मलिक, अमित गौड़ और मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर शामिल हुए। नर्सरी से लेकर कक्षा द्वितीया तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मार्च पास्ट से हुई। जिसमें बच्चों ने अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए कदम से कदम मिलाकर परेड की। खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों के लिए अनेक रोचक और मनोरंजक दौड़ आयोजित की गईं। जिनमें प्रमुख रूप से कैटर पिल्लर रेस, बजिंग बी रेस, एनिमल रेस, हर्डल रेस, जेली फिश रेस, इंडिया प्राइड रेस इत्यादि शामिल थे। इन सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। नन्हे खिलाड़ियों की ऊर्जा और मासूम मुस्कान ने दर्शकों का मन मोह लिया। खेलों के साथ-साथ एक सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें बच्चों ने गीत और नृत्य के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुति दी। पूरे मैदान में अभिभावकों की उपस्थिति और तालियों से उत्साह का माहौल बना रहा। अंत में विजेता बच्चों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ शैक्षिक सत्र 2024. 2025 के विद्यार्थियों को कैश प्राइज और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है।



**जींद।** मुख्यातिथि को सम्मानित करते निदेशक सुभाष श्योराण। *फोटो :हरिभूमि*

# सीजेएम ने किया कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण

### शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही ना की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ 14 मार्च को न्यायिक परिसर जींद नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। कलाम बाल आश्रम में कुल 21 बच्चे उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कलाम बाल आश्रम के निरीक्षण के साथ-साथ बच्चों से बातचीत भी की बच्चों से उनके खाने-पीने रहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम के स्टाफ को निर्देश दिए कि बच्चों की देखभाल में कोई कमी नही रहनी चाहिए तथा बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही ना की जाए। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सहायता हैल्पलाइन नंबर 15100 पर घर बैठे किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं तथा 14 मार्च को न्यायिक परिसर जींद नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।


**उचाना।** सर्विस रोड पर भरा दूषित पानी। *फोटो :हरिभूमि*

### दूषित पानी बन रहा परेशानी

**उचाना।** हाइवे पर सर्विस रोड पर पानी की निकासी नहीं होने से निरंतर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेयर हाऊस गोदाम, ब्राह्मण धर्मशाला को जाने वाले सर्विस रोड पर गंदा पानी भरने से दुकानदार, राहगीर परेशान है। यहां पर समस्या के समाधान को लेकर बार-बार शिकायत करके लोग थक चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। महावीर, अजमेर वकील, सतपाल, दिनेश, परमवीर ने कहा कि सर्विस रोड जो है वो राहगीरों, दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। जो नाले गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए है वो मिट्टी से अटे है। यहां पर जो पानी भरता है वो सर्विस रोड पर भर जाता है। यहां पर सीवरेज लाइन बिछा कर पानी निकासी का पुख्ता प्रबंध करना चाहिए। दुकानदारों के लिए तो यहां रहना मुश्किल हो गया है।

### एथलेटिक्स खेल के लिए ट्रायल एक को

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि खेल विभाग द्वारा नवदीप स्टेडियम नरवाना में 25 खिलाड़ियों (लड़के) की आवासीय एथलैटिक्स खेल अकादमी संचालित की जा रही है। खेल अकादमी में खिलाड़ियों की रिक्तियों को भरने के लिए 12 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल एक मार्च को प्रातः नौ बजे नवदीप स्टेडियम नरवाना में ली जाएगी। अकादमी में चयनित खिलाड़ियों के लिए आवासीय सुविधा तथा भोजन की सुविधा विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। आवासीय खेल अकादमी में मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक व प्रतिभागिता तथा राज्य एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक ट्रायल में भाग लेने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति व फोटोप्रति, आधार कार्ड की मूल प्रति व फोटोप्रति, रिहायशी प्रमाण पत्र की मूल प्रति व फोटो प्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, अपने शिक्षण संस्थान से संबंधित सत्यापित दस्तावेजों की प्रति सहित निर्धारित समय, वैन्यू पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### स्वच्छता को लेकर दिलाई शपथ

**उचाना।** नपा सचिव अशोक डांगी की अगुवाई में नपा एरिया में निरंतर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अतिरिक्त मंडी के पास दमकल विभाग में कर्मचारियों को आईईसी हैड राजबीर ग्रोवर की अध्यक्षता स्वच्छता की शपथ दिलाई। आईईसी सदस्य जीनत पूनिया ने बताया निरंतर शहर, उचाना कलां के वार्डों, विभागों, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता सबसे जरूरी है क्योंकि स्वच्छता हमारे मकान, गली में होगा तो वो क्षेत्र सुंदर नजर आएगा। उचाना को स्वच्छता के मामले में नंबर वन हम सब मिलकर बना सकते है। हर किसी को चाहिए कि वो खुद जागरूक होने के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करें। दमकल विभाग उचाना इंचार्ज सोनू, राकेश, भीष्म मौजूद रहे।


**उचाना।** स्वच्छता को लेकर शपथ लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*


**उचाना।** सनातन धर्म कन्या कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम।

### आभा ऐप के बारे में दी जानकारी

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या कॉलेज उचाना मंडी में रेडक्रॉस यूनिट के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर अंजू रानी ने की। नागरिक अस्पताल उचाना से पहुंची टीम ने छात्राओं को संबोधित करते स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। हेल्थ इंस्पेक्टर जगबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एमपीएचडब्ल्यूडी सत्यवान वर्मा एवं पिंकी रानी ने छात्राओं को आभा आयुष हेल्प के बारे में बताया वह छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया। उन्होंने आभा एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह ऐप पूरे भारत में मान्य है। आभा एप के द्वारा कैशलैस और पेपरलेस इलाज संभव है। परिवार के सदस्यों की कोई सीमा नहीं है। यह ऐप आयुष्मान कार्ड जिसमें 5 लाख तक का मुफ्त इलाज संभव है उसके लिए उपयोगी है। जगबीर ने बताया कि इस ऐप का प्रयोग करके हम संपूर्ण भारत के किसी भी राज्य में अपना इलाज नि.शुल्क करवा सकते हैं।

### आईपीएल की तर्ज पर होगी एचटीसीएल

**जींद।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेलने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए आईपीएल की तर्ज पर एचटीसीएल यानी हरियाणा टेनिस क्रिकेट लीग का आयोजन होने जा रहा है। इसके तहत पांडू पिंडारा में ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें जींद के 272 युवाओं ने ट्रायल में भाग लेकर प्रतिभा दिखाई। ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। लीग के ऑनर शक्ति गिल, सह संस्थापक सुरेंद्र पूनिया और सोमवीर बिसला ने बताया कि यह लीग देशभर के युवाओं को मौका देगी। इसके लिए अलग-अलग जिलों में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत कुल 12 टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा और इन टीमों को आईपीएल की तरह ही अलग-अलग फ्रेंचाइजी खरीदेंगी। खिलाड़ियों को बोली लगा कर अपनी टीम में शामिल किया जाएगा।


**जींद।** ट्रायल देते हुए खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** छात्राओं को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करते हुए।

### छात्राओं को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। इस कार्यक्रम की समन्वयक डा. रश्मि मलिक ने बताया कि इस अवसर पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा गान और जागरूकता वीडियो के माध्यम से यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। जो कि हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 65 छात्राओं ने भाग लिया। जिन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझा और इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार किया।



जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में छात्रा को सम्मानित करते हुए।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

**जींद।** जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन रा पीजी कालेज में उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि युवा संसद जैसे मंच विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तर्कशीलता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करते हैं तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ते हैं। मुख्यअतिथि नप चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी रही। युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान करना, नेतृत्व क्षमता का विकास करना, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना तथा नीति-निर्माण की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## पुरुष 1500 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के राहुल व महिला वर्ग में काफी रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

केएम राजकीय महाविद्यालय में 59वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर मेजर सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में शुरू हुआ। कॉलेज काउंसिल कृष्ण ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के शुभारंभ अवसर पर मुख्यअतिथि कॉलेज प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इसलिए खेल हमारे व्यक्तित्व में टीमवर्क अनुशासन और नेतृत्व गुणों का समावेश करते हैं। खेल में हार जीत नहीं बल्कि खेल भावना प्रमुख होती है। सभी प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल भावनाओं को बनाए रखें तथा अपनी मंजिल को प्राप्त करें। खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने परिणामों के बारे में बताते कहा कि पुरुष 1500 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के राहुल ने प्रथम, अक्षय ने द्वितीय तथा मनप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में काफी ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा रिंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो महिला वर्ग मे अंशिका ने प्रथम काफी ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। में सचिन ने प्रथम स्थान, अक्षय ने द्वितीय तथा मनप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 200 मीटर रेस में काफी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा रिंपी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**उचाना।** माता भ्रामरी धाम पहुंचे दिग्विजय चौटाला।

### माता भ्रामरी धाम पहुंचे दिग्विजय

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम पहुंच कर जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने माता की पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। देश, प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना के लिए पूजा-अर्चना की। मंदिर पुजारी द्वारा उन्हें लाल चुनरी ओढ़ा कर माता भ्रामरी की फोटो देकर सम्मानित किया। दिग्विजय ने कहा कि माता भ्रामरी धाम पर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के कौने-कौने से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते है। माता के धाम में आकर पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य मिला। देश, प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना पूजा-अर्चना कर की।

## पेयजल बिल एकत्रित करने के लिए टीम दे रही घर-घर दस्तक

# जल संरक्षण-स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** महिलाओं को जागरूक करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागव जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन नरवाना ब्लॉक के खंड समन्वयक सुरेन्द्र नरवाल ने कहा कि जल संरक्षण व स्वच्छता अभियान को कामयाब करने में महिलाओं की भागीदारी अहम हैं। क्योंकि वो जल व स्वच्छता से संबंधित कार्यों से दिनभर जुड़ी रहती है। नरवाल वीरवार को गांव सिंगवाल में स्थित आंगनवाड़ी में महिलाओं की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं जल संरक्षण में अपनी अहम भागीदारी निभा सकती हैं। महिलाएं सुबह से लेकर शाम तक पानी से संबंधित कार्य करती है। अतः वह पुरुषों के मुकाबले जल संरक्षण में ज्यादा योगदान दे सकती हैं। महिलाओं को चाहिए कि वह खुद जल संरक्षण में अपना अहम योगदान दें व दूसरी महिलाओं को इस बारे में जागरूक करें ताकि खुले नलों पर टेप लगाई जा सके। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार पेयजल का उपयोग करके नल को बंद किया जा सके ताकि पानी बर्बाद ना हो। महिलाओं को फर्श धोने वह अन्य कार्यों में पाइप से सीधे पानी का उपयोग करने की बजाय बाल्टी से पानी का उपयोग करना चाहिए ताकि पानी की अधिक बचत बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर महिलाओं को अधिक से अधिक जल संरक्षण और स्वछता के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि नरवाना ब्लॉक के दर्जनों गांव में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जहां लोगों को इस बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ-साथ पानी की जांच के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है ताकि हर घर तक शुद्ध पानी पहुंच सके। इस अभियान में पेयजल जांच, लीकेज व अस्वच्च्छ कनैक्शन को ठीक करने पर जोर दिया जा रहा है।

### जागरूकता अभियान जारी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि नरवाना ब्लॉक के दर्जनों गांवों में पेयजल बिल एकत्रित करने का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसको लेकर विभाग की संयुक टीम घर-घर दस्तक दे रही है। ग्रामीणों को ऑनलाइन पेयजल के बिल भरने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बताया कि विभाग द्वारा ग्रामीणों के मोबाइल पर पेयजल बिल का मैसेज भेजने के साथ-साथ ऑफलाइन भी बिल घर-घर पहुंचाया जा रहा है ताकि उपभोक्ता पानी के बिल ऑनलाइन फोन से, सीएससी सेंटर से या विभाग के कार्यालय में पहुंच कर भर सकें। धीरे-धीरे ग्रामीणों का रुझान पेयजल बिल भरने के लिए बढ़ रहा है।

# छात्रों ने विश्वविद्यालय अधिकारी को ज्ञापन सौंप रिचैकिंग की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ योग विज्ञान विभाग के घोषित परीक्षा परिणामों में छात्र एक विषय में फेल

चौधरी रणबीर सिंह विवि में योग विज्ञान विभाग के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को एक ही विषय में फेल किए जाने पर विवि अधिकारी डा. राजेश बंसल से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। छात्राओं का कहना था कि परीक्षाएं अच्छी होने के बाद भी वो असफल हुए हैं। इसलिए उनकी परीक्षा की रिचैकिंग करवाई जाए। छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि योग विज्ञान विभाग के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को एक ही विषय में फेल होना सवाल खड़ा करता है। इससे छात्र मानसिक रूप से परेशान हैं और उनका शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। कई छात्रों का कहना है कि उनके पेपर अच्छे हुए थे, फिर भी उन्हें असफल घोषित कर दिया गया। किसान छात्र एकता संगठन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते विवि प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। संगठन का कहना है कि जब एक साथ इतने अधिक छात्र फेल होते हैं तो यह जांच का विषय बनता है। इसलिए योग साइंस के परिणामों की निष्पक्ष और उच्च स्तर पर जांच करवाई जाए। छात्र नेता सुमित लाठर ने मांग कि जिन विद्यार्थियों को फेल किया गया है, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का पारदर्शी तरीके से दोबारा मूल्यांकन किया जाए। अगर जांच में किसी प्रकार की गलती या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में छात्रों के साथ इस तरह का अन्याय दोबारा न हो। लाठर ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द ही इस मामले में उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसान छात्र एकता संगठन छात्र हित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विवि प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### सीटीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अधिकारियों को कहा कि वे नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं को सुने तथा मौके पर समाधान होने वाली समस्याओं को तुरंत निपटान करें तथा समय लगने वाली समस्याओं पर कार्रवाई करते जल्द निपटान करने का प्रयास करें।

### प्राथमिक पाठशाला तारांवाली का निरीक्षण

**गुहला-चीका।** गुहला उपमंडल के गांव तारांवाली के प्रधानाचार्य रजवंत कौर ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला तारांवाली का किया निरीक्षण किया। विद्यालय में प्रिंसिपल डॉ रजवंत कौर द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, स्वच्छता, अनुशासन तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया।प्रिंसिपल महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। बच्चों को समय का सदुपयोग करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के छात्रों को प्रेरित किया।

### कुप्रथाओं के प्रति लोगों को किया जागरूक

**राजौंद।** गांव नीमवाला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा कन्या भ्रूण हत्या और लैंगिक भेदभाव जैसी कुप्रथाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. फरमान अली ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गर्भ में लिंग जांच करवाता है तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें ताकि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### प्रतियोगिता में इशिता और निर्मला रहीं प्रथम

**कैथल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कैथल एवं पुंडरी शहर के चयनित विद्यालयों में स्कूल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के मध्य "जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल प्रबंधन" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। विद्यालय के सुमन, रीना, नितिन कुमार, अंजु शर्मा, प्रियंका खुराना, देवेंद्र भी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में पुंडरी में 8वीं कक्षा की इशिता प्रथम, 7वीं कक्षा के निशिका गोयल द्वितीय तथा 7वीं कक्षा की ज्योति तृतीय स्थान पर रही।

### पोर्टल की कार्यक्षमता पर उठाए गंभीर सवाल

**कैथल।** कांग्रेस विधायक आदित्य सूरजेवाला ने विधानसभा में अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 91 के माध्यम से कौशल रोजगार निगम पोर्टल की कार्यक्षमता पर सवाल उठाए हैं। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और वास्तविक रोजगार प्रदान करने के बीच के बड़े अंतर को उजागर किया है। आदित्य सुरजेवाला ने कहा है कि लाखों युवा हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर रजिस्टर हैं, लेकिन वास्तविक नौकरियां मिलना बहुत कम है।

## बालू गांव के लोगों ने बीडीपीओ को सौंपा शिकायत पत्र

# पीएमएवाई के सर्वे में हेराफेरी का आरोप

**अपात्रों को लाभ देने के मामले में कार्यवाही की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित भ्रष्टाचार और चहेतों को लाभ देने को लेकर कलायत के गांव बालू के ग्रामीणों ने पंचायती राज विभाग पर सवाल उठा दिए हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) को शिकायती पत्र सौंपकर वर्ष 2024-25 के सर्वे में भारी धांधली के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के कुछ कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर अपने चहेतों और रसूखदारों को लाभ पहुंचा रहे हैं। जबकि असल जरूरतमंद आज भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं।दफ्तरों में बैठकर खानापूर्ति करने का आरोप सामाजिक कार्यकर्ता गुरदेव सिंह, प्रदीप, राजू, सुनील और नरेश कुमार ने लगाए। उन्होंने कहा कि इस बार का सर्वे जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। कर्मचारियों ने फील्ड में जाने के बजाय दफ्तरों में बैठकर केवल कागजी खानापूर्ति की है। आरोप है कि आर्थिक रूप से संपन्न लोगों के नाम सूची में शामिल कर दिए गए हैं। इससे ग्रामीण अंचल में पूरी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो गरीबों का पक्के घर का सपना फिर से टूट जाएगा। सरकारी बजट का बंदरबांट जारी रहेगा।



**कलायत।** शिकायत की प्रति दिखाते बालू गांव के सामाजिक कार्यकर्ता।

### जमीनी स्तर पर दोबारा जांच की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्ष 2024-25 के दौरान आए सभी आवेदनों की जमीनी स्तर पर दोबारा भौतिक जांच करवाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पात्रों की अनदेखी कर अपात्रों को सहायता दी गई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। ग्रामीणों की मांग है कि उच्च अधिकारी स्वयं मौके पर आकर स्थिति का जायजा लें। ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### नपा की तकनीकी टीम किसी प्रकार की गड़बड़ी सहन करने के पक्ष में नहीं

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भले ही ग्रामीण अंचल से शिकायत आई है। लेकिन नगर पालिका अधिकारी योजना से जुड़े हर पहले को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं। जिन अधिकारियों के जिम्मे सर्वे का दायित्व है वे योजना से संबंधित हर नियम को ग्राउंड पर जाकर जांच रहे हैं। इस दौरान कुछ ऐसे मामले सामने हैं जिसमें फर्जी लाभ लेने की योजना बुनने के लिए एक नेटवर्क एक्टिव होने की सूचना मिली है।लेकिन नगर पालिका की तकनीकी टीम किसी प्रकार के गड़बड़ी सहन करने के पक्ष में नहीं।

### जांच के बाद ही हो पाएगा साफ

कलायत खंड के ग्रामीण अंचल में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जब बीडीपीओ रितु शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी। हालांकि पहले टफ द्वारा निरंतर आवास योजना में पारदर्शिता को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए जाते रहे हैं। निर्देश अनुसार धरातल पर कार्य हुआ या हेराफेरी के आरोप सही है यह जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

## सरकार की पोल खोलने के लिए चलाएंगे गांव-गांव में जत्थे

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी कैथल की बैठक कॉमरेड जयप्रकाश की अध्यक्षता में पार्टी जिला कार्यालय भगत सिंह भवन कैथल में संपन्न हुई। जिसमें पार्टी राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद,राज्य प्रभारी कॉमरेड रमेश चंद्र जींद विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के उपरांत प्रेस को दी जानकारी में पार्टी राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद, राज्य प्रभारी कॉमरेड रमेश चंद्र और कॉमरेड सतपाल आनन्द ने संयुक्त बयान में बताया केंद्र की सत्ता मे बैठी भाजपा सरकार अपने चहेते पूंजीपतियों के हित में हर रोज नए-नए बिल लेकर आ रही है। हाल ही में मनरेगा को कमजोर कर वीबी जी राम जी ले आए। 29 श्रम का कानूनों को खत्म कर श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड ले आए । शांति बिल के नाम से परमाणु बिजली निजी क्षेत्र में देने का बिल लाया गया है। जो कि आम जन विरोधी बिल है जिसे वापिस लेना चाहिए । बीज बिल लाकर देश के किसानों को कंपनियों से महंगा बीज खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। आरोप लगाते कहा कि केंद्र सरकार जनता को भूखमरी की कगार पर लाकर खड़ा करना चाहती हैं और देश की तमाम बेशकीमती दौलत अपने चेहते पूंजी पतियों के हवाले करना चाहते हैं । केंद्र सरकार अमेरिका से ट्रेड डील के नाम पर देश के साथ धोखा करके अमेरिका के सामने घुटने टेकने का काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### हकृवि द्वारा लाडवा में कृषि विकास मेला 28 से

**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाया जाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है,जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि कृषि विकास मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### सीवनः 13 से 15 मार्च तक सजेगा क्रिकेट महाकुंभ

**सीवन।** जय बाबा नारायण दास क्रिकेट क्लब सीवन द्वारा 13 मार्च से 15 मार्च 2026 तक अनाज मंडी, सीवन में चौथे विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. कृष्ण व विकसित ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है तथा आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो पूलों में विभाजित कर मुकाबले करवाए जाएंगे। कमेटी का निर्णय अंतिम माना जाएगा। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21 हजार रुपये, उपविजेता को 11 हजार रुपये, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 1100-1100 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### समस्याओं का होगा समयबद्ध समाधानः कौशिक

**सीवन।** सीवन तहसील में कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने की दिशा में नायब तहसीलदार मीनू कौशिक ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कार्यालय समय के दौरान कोई भी नागरिक अपनी समस्या लेकर सीधे मिल सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी जाएगी और नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मीनू कौशिक ने बताया कि राजस्व संबंधी मामलों में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। कहा कि कार्यालय में प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया है ताकि लोगों को अनावश्यक प्रतीक्षा या भ्रम की स्थिति का सामना न करना पड़े। दोहराया कि पारदर्शिता प्रशासन की मूल भावना है और इसी सिद्धांत पर कार्य किया जा रहा है। जायज मामलों में त्वरित निर्णय और स्पष्ट मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जबकि प्रत्येक आवेदन का रिकॉर्ड विधिवत संधारित किया जा रहा है।

### गुहला चीका में पार्षदों की बैठक से बढ़ीं चर्चाएं

**गुहला-चीका।** गुहला चीका में इन दिनों नपा पार्षदों की अचानक बढ़ी सक्रियता शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। कुछ दिनों से चर्चा थी कि सभी पार्षद एक साथ बैठकों में शामिल हो रहे हैं। बुधवार को नगरपालिका कार्यालय में आयोजित सामूहिक बैठक के बाद इन अटकलों को और बल मिला। राजनीतिक हलकों से लेकर आम नागरिकों तक यह सवाल उठ रहा है कि क्या शहर में कोई बड़ा निर्णय होने वाला है। हालांकि, पार्षदों ने इन अटकलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि बैठक का उद्देश्य केवल विकास कार्यों को गति देना और आपसी समन्वय को मजबूत करना था।



**कैथल।** रणदीप कौलेखां को प्रधान बनने पर मिठाई खिलाते व्यापारी।

### रणदीप कौलेखां सर्वसम्मति से बने अनाज मंडी प्रधान

**कैथल।** अनाज मंडी कलायत के प्रधान पद पर रणदीप कौलेखां (धौला) को सर्वसम्मति से चुने जाने पर आज व्यापारियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। मंडी के व्यापारियों और आढ़तियों ने सर्वसम्मति से उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें प्रधान चुना। इस अवसर पर जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रधान अनाज मंडी कलायत विजेंद्र कोलेखां ने रणदीप धौला को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रणदीप एक कर्मठ, ईमानदार और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं तथा मंडी के विकास और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। विजेंद्र कोलेखां ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मंडी में पारदर्शिता, बेहतर व्यवस्थाएं और किसानों-व्यापारियों के बीच समन्वय को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंडी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और सुविधाओं के विस्तार के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। नवनियुक्त प्रधान रणदीप कौलेखां ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

## खेल जीवन का अभिन्न अंग : तेजवीर सिंह

- 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



पूर्व विधायक तेजवीर व अन्य खेलों में अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते।

बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल में आयोजित 52वीं दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनुशासन, ऊर्जा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर विवेक चावला, निदेशक, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं खेल भावना को सफलता का आधार बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, ढांड की डॉ. संगीता शर्मा एवं डॉ. अनीता चौहान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अमित कुमार, अध्यक्ष, स्पोर्ट्स काउंसिल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया गया, जबकि आयोजन के संयोजक डॉ. बृजिंदर सिंह एवं सचिव श्री पारसमणि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस इकाई एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट से हुआ।

### निःशुल्क टीकाकरण जरूर करवाएंःडा. रेणू चावला

**कैथल।** सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महिलाओं में ज्यादातर होने वाले सर्विकल कैंसर की रोकथाम को लेकर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी)टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर यह अभियान 28 फरवरी से शुरू होगा और जिला स्तर पर भी इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने सभी निर्धारित उम्र की लड़कियों का आह्वान किया कि वे इस अभियान के अंतर्गत निःशुल्क टीकाकरण जरूर करवाएं, ताकि स्वास्थ्य सही रहे। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला वीरवार को पुराने नागरिक अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एचपीवी टीकाकरण अभियान के संदर्भ में जानकारी प्रदान कर रही थी।



सीएमओ डा. रेनू चावला टीकाकरण की जानकारी देते। फोटो : हरिभूमि

## सर्वांगीण विकास के लिए किया प्रोत्साहित

- ईश्वर सिंह कन्या कालेज में एनईपी 2020 पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में एनईपी कमेटी द्वारा एक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "एनईपी 2020ः डिजिटल परिवर्तन, नैतिक नेतृत्व और समग्र विकास की ओर" रही। इसका उद्देश्य छात्राओं को नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, कन्वीनर डॉ. निधि, डॉ. प्रेमलता सहित अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



**पूंडरी।** कार्यक्रम में भाग लेते कालेज प्रिंसिपल व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जीवन में सकारात्मक आदतें अपनाने की प्रेरणा दी

प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य विद्यार्थियों का समग्र विकास, डिजिटल कौशलों का विस्तार और नैतिक नेतृत्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने अनुशासन और समय प्रबंधन के महत्व पर विशेष बल देते हुए छात्राओं को जीवन में सकारात्मक आदतें अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. गीता जैसवाल, एसोसिएट प्रोफेसर (अंग्रेजी), ने "इंडियन नॉलेज सिस्टमः एनईपी 2020 के साथ समन्वय" विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारतीय दर्शन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य प्रणाली, कला-संस्कृति तथा गणित एवं विज्ञान में भारत की समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश

- एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका



एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह गुहला चीका समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का निपटारा किया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए।

आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आमजन इन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं।

आमजन समाधान शिविर में अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है।

### कई समस्याओं का मौके पर समाधान

आमजन की समस्याओं के समाधान करने के लिए एक ही स्थान पर सभी अधिकारी मौजूद रहते है। यह समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविर में आमजन प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते है।

### निरंतर परिश्रम करने का दिया संदेश



मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ। फोटो : हरिभूमि

**राजौंद।** एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "सांस्कृतिक संगम 2026" वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह, उल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर देशराज चहल के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य राजेश कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विवेक गर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मैनेजिंग डायरेक्टर देशराज चहल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों से समृद्ध बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च आदर्श अपनाने तथा निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। प्राचार्य राजेश कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणामों तथा खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में प्राप्त सफलताओं का विस्तृत उल्लेख किया।

## जाट शाइनिंग स्टार स्कूल में मनाया वार्षिक खेल दिवस

# 200 मीटर रेस में सृष्टि अव्वल, सौम्या द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल, कैथल में वार्षिक खेल दिवस 'ज़ेनिथ 2026' का आयोजन महाराजा सूरजमल स्टेडियम में भव्य रूप से किया गया। कक्षा 3 से 9 और 11 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि अभिभावकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत ओपनिंग सेरिमनी से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने तिरंगे को सलामी दी और ध्वजारोहण किया। इसके बाद, विद्यालय के चार सदनों प्रगति सदन, चेतना सदन, जागृति सदन और प्रेरणा सदन– ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए कहा, /"आज के इस विशेष अवसर पर मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि आज का यह दिन हमारे विद्यार्थियों के लिए एक यादगार दिन होगा। राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि, /"वार्षिक खेल दिवस का आयोजन एक अच्छा प्रयास है। यह दिन हमारे विद्यार्थियों को खेल के महत्व को समझने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है।



जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिकारी खिलाड़ियों को सम्मानित करते।

### प्रतियोगिता के परिणाम

- कक्षा 3 लड़कियां 50 मीटर रेसः प्रथम - अनवी, द्वितीय - वानी, तृतीय - माही
- कक्षा 3 लड़के 50 मीटर रेसः प्रथम - गेविन, द्वितीय - अक्षित, तृतीय -अभिनव
- कक्षा 4 लड़कियां 50 मीटर रेसः प्रथम - जैसमीत, द्वितीय - मानवी भाल, तृतीय - मानवी सुशील
- कक्षा 4 लड़के 50 मीटर रेसः प्रथम - दक्ष, द्वितीय - सुहान, तृतीय - विराज
- कक्षा 4-5 लड़कियां 100 मीटर रेसः प्रथम - यशिका 5th , द्वितीय -कशिश 4th, तृतीय -सहज 5th
- कक्षा 4-5 लड़के 100 मीटर रेसः प्रथम - कर्तव्य 5th , द्वितीय - वेदांश 5th, तृतीय - नवजोत 5th
- कक्षा 3-4 बैग पैकिंग रेस लड़कियांः प्रथम रिद्धि कक्षा 3 , द्वितीय -नव कक्षा 3 , तृतीय - नुक्षिका कक्षा 3 ने बाजी मारी।
- कक्षा 3 बैग पैकिंग रेस लड़केः प्रथम -लवली बांगर , द्वितीय अर्पित , तृतीय - विहान
- कक्षा 4 बैग पैकिंग रेस लड़केः प्रथम -अश्न , द्वितीय सिमेंस , तृतीय - वंश
- कक्षा 6-8 लड़कियां 200 मीटर रेसः प्रथम
- कक्षा 6-8 लड़कियां 200 मीटर रेसः प्रथम सृष्टि 6th , द्वितीय - सौम्या 7th, तृतीय -अक्षु 7th ने बाजी मारी।
- कक्षा 6-8 लड़के 200 मीटर रेसः प्रथम - नीरज शर्मा 8th , द्वितीय -वरुण 7th, तृतीय - स्नेहिल चट्ठा
- कक्षा 6-8 लड़के 400 मीटर रेसः प्रथम महीन 7th , द्वितीय - रेयांश 7th, तृतीय -प्रतीक 6th ने बाजी मारी।

### डीएवी स्कूल में उत्सव-3 का भव्य आयोजन

**सीवन।** डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों द्वारा "उत्सव–3" कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में किया । बतौर मुख्य अतिथि डॉ. किरण नागपाल ने शिरकत की। यह कार्यक्रम नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का जीवंत प्रदर्शन साबित हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं मुख्य अतिथि की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया।

**सूचना**

मैं, धर्मपाल पुत्र श्री भूप सिंह निवासी पिल्लुखेड़ा मण्डी, तहसील सफीदों, जिला जींद (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीण कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### हरप्रीत कौर ने नेट में 26वीं रैंक प्राप्त की



**पूंडरी।** गांव हाबड़ी की मेधावी छात्रा हरप्रीत कौर ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट दिसंबर 2025 की परीक्षा में लाइफ साइंसेज विषय में ऑल इंडिया रैंक 26 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली हरप्रीत कौर के पिता खेती-बाड़ी करते हैं।

### सरपंच पद को लेकर सरगर्मियां तेज

**ढांड।** ग्राम पंचायत कौल में आगामी सरपंच चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में अजय कौल ने सरपंच पद के भावी उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। अजय कौल ने कहा कि यदि ग्रामवासियों का आशीर्वाद मिला तो वे गांव के सर्वांगीण विकास, पारदर्शिता और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल समस्या, युवाओं के लिए खेल सुविधाएं तथा गांव की सड़कों के सुधार को अपने मुख्य एजेंडे में शामिल बताया।

### छात्रों ने किया डिवाइन ग्रेस स्कूल ढांड का दौरा

**कैथल।** डिवाइन ग्रेस स्कूल ढांड में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलीमपुर मदुद के विधार्थियों के ट्यूनिंग साहचर्य कार्यक्रम के तहत भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि विद्यार्थियों में जुड़ाव में सहयोग के साथ एक दूसरे को जानने की चेष्टा का प्रयास करना। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में चहल पहल रही। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सूबे सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमो से बिद्यार्थी बहुत कुछ सीखता है, उसमें आमविश्वास एवं सहयोग की भावना पैम्शनती है। इसी प्रकार बिद्यार्थी सामाजिक भी बनता है।

### सदन में गूंजी सीवन की सीवरेज समस्या

**सीवन।** नगर पालिका सीवन की लंबे समय से अटकी सीवरेज परियोजना का मुद्दा विधानसभा में जोरदार ढंग से उठा। क्षेत्र के विधायक देवेंद्र हंस ने सरकार से परियोजना की प्रगति, खर्च, जिम्मेदार एजेंसी और अब तक की कारवाई का विस्तृत विवरण मांगा। उन्होंने कहा कि शहर के लोग वर्षों से सीवरेज सुविधा के नाम पर कर अदा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत उम्मीदों के अनुरूप नहीं है। कई स्थानों पर अधूरे कार्य और निकासी व्यवस्था की खामियां आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचा गंदा पानी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि कॉलोनियों की नालियों से निकलने वाला गंदा पानी खुले में नहीं जाना चाहिए। संबंधित विभाग गंदे पानी को सीवरेज के माध्यम से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने की व्यवस्था निरंतर रखें ताकि पानी इधर-उधर ना फैले। रेलवे विभाग अपने रिहायशी क्षेत्र से निकलने वाले गंदे पानी की समुचित व्यवस्था करवाएं। उन्होंने अर्बन लोकल बॉडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर रेलवे विभाग का गंदा पानी इधर-उधर फैलता है।

---

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

# फरियाद लेकर पहुंचा वृद्ध बेहोश होकर गिरा, अस्पताल पहुंचाया

*समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता से करना : डीसी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आम नागरिकों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहा हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता से हो। समाधान शिविरों से लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और समय व संसाधनों की बचत भी हो रही है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आम नागरिकों की समस्याएं सुनने के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, पारिवारिक पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली व पानी से जुड़ी शिकायतें, जमीन संबंधी मामलों सहित अन्य प्रशासनिक समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है। संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रह कर लोगों की शिकायतें सुनते हैं और प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा सुनिश्चित करते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

**समाधान शिविरों से लोगों को बार-बार चक्कर काटने से राहत**



जींद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए डीसी। *फोटो : हरिभूमि*



जींद। वृद्ध रामफल का उपचार करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### फरियादी ने बिजली की रखी समस्या

डीसी ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते लेकिन समाधान शिविरों के माध्यम से उन्हें न केवल अपनी समस्याओं का समाधान मिलता है बल्कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। समाधान शिविर में सलीम खान निवासी आश्रम बस्ती भिवानी रोड बिजली बिल कम करवाने और मीटर मेरे नाम करवाने की शिकायत डीसी के समक्ष रखी। जिस पर डीसी ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस शिकायत पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। गांव कंडेला निवासी सुनीता ने परिवार पहचान पत्र में दूसरा और कोई सदस्य जुड़ चुका है, उसे हटाने बारे अपना प्रार्थना पत्र डीसी के समक्ष रखा। डीसी ने क्रीड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसका जल्द से जल्द समाधान करें।

#### अचानक वृद्ध के बीमार होने पर डीसी ने एक एंबुलेंस कार्यालय में खड़ी करने के दिए निर्देश

समाधान शिविर में फरियाद लेकर पहुंचे बिटानी निवासी 70 वर्षीय रामफल की तबीयत अचानक खराब हो गई और वह जमीन पर गिर पड़े जैसे ही डीसी मोहम्मद इमरान रजा को पता तो तुरंत वे समाधान शिविर से उठ कर बाहर पहुंचे। उन्होंने रामफल का हालचाल भी जाना और तुरंत स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देकर एंबुलेस बुलवाई और रामफल को स्वास्थ्य सेवाएं देने हेतू नागरिक अस्पताल में भिजवाया। डीसी ने इस बात पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि कार्यालय समय पर लघु सचिवालय परिसर में एक एंबुलेंस निरंतर खड़ी हो ताकि इस तरह की घटना अगर भविष्य में होती है तो तुरंत संबंधित व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा सके। रामफल रास्ता निकलवाने संबंधित फरियाद लेकर पहुंचा था।

---



जींद। जिला राजस्व अधिकारी को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

## राष्ट्रीय मांग दिवस पर लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया

- चारों नई श्रम संहिताएं निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर गुरूवार को कर्मियों ने राष्ट्रीय मांग दिवस मनाते हुए लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सहित अन्य कर्मचारी संगठनों ने रोष बैठक की। जिला प्रधान संजीव ढांडा ने कहा कि कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों की लंबित मांगों को तुरंत पूरा किया जाए। अन्यथा आगे और तीव्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने मांग की कि सभी संविदा, कच्चे कर्मचारियों, अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी को नियमित किया जाए। सभी रिक्त पद नियमित आधार पर भरे जाएं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के नियमितीकरण आदेश लागू हों। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। पेंशन अधिनियम 2025 निरस्त हो। चारों नई श्रम संहिताएं निरस्त हों। निजीकरण, मर्जर, डाउनसाइजिंग पर रोक लगे। बिजली बिल 2025, स्मार्ट मीटर स्कीम आदि जनविरोधी योजनाएं वापस ली जाएं। आठवें वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों की समीक्षा हो।

#### संसोधन की मांग

हर पांच वर्ष में वेतन संशोधन सुनिश्चित हो। न्यूनतम पांच हजार या मूल वेतन का 10 प्रतिशत अंतरिम राहत तुरंत दी जाए। सभी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित हो। सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा मजबूत बनाया जाए। 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त हो। एनईपी 2020 वापस ली जाए। शिक्षा बजट दोगुणा हो। जनसंख्या अनुपात में नए पद सृजित हों। खाली पदों पर बेरोजगारों को नियमित नियुक्ति दी जाए। केंद्र, राज्य संबंधों को पुनर्परिभाषित कर सहकारी संघवाद मजबूत हो। केंद्रीकरण को विकेंद्रीकृत किया जाए। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव सन्नी पटवारी ने कहा कि यह मांगें केवल कर्मचारियों की नही बल्कि पूरे समाज के हित में हैं। सरकार यदि इन मांगों को अनसुना करती रही तो जींद सहित पूरे हरियाणा में संघर्ष और तेज होगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान मंदीप नेहरा, रेखा पटवारी आदि रहे।

---

## पराली के गोदाम में लगाई आग

- 17 लाख की पराली जलकर राख, दमकल ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

बुधवार देर सायं राजौंद से बीर बागड़ा मार्ग पर स्थित एक पराली के गोदाम में आग लगने से भारी नुकसान हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते गोदाम में रखी पराली की गांठें धू-धू कर जलने लगीं और एक तरफ का पूरा भंडार जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गई और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। किसान रोमी राणा ने बताया कि खेत में पराली की गांठों को व्यवस्थित रूप से गोदाम के रूप में रखा गया था। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई है, क्योंकि आग अचानक एक किनारे से भड़की और तेजी से फैल गई।किसान के अनुसार इस हादसे में लगभग 17 से 18 लाख रुपये की पराली जलकर नष्ट हो गई।



राजौंद। बीरबांगड़ा मार्ग पर खेतों में जलती हुई पराली। *फोटो : हरिभूमि*

#### तीन गाड़ियां पहुंची

आग की सूचना मिलते ही आसपास के किसानों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पराली सूखी होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। दमकल विभाग को सूचना दी गई, तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची।

## ब्राह्मण समाज ने किया शहर में प्रदर्शन

- यूजीसी कानून 2026 को रद्द करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

ब्राह्मण समाज के लोगों ने गुरूवार को पूर्व प्रधान रामफूल, पूर्व प्रधान राजेश शर्मा के नेतृत्व में शहर में प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंप कर यूजीसी कानून 2026 को रद्द करवाने की मांग की। प्रदर्शन से पहले ब्राह्मण समाज के लोगों ने रानी तालाब के निकट बैठक की। पूर्व प्रधान रामफूल शर्मा, पूर्व प्रधान राजेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान में यूजीसी विनियम 2026 को निरस्त करने के कई कारण हैं। जिनमें इस विनियम के लागू होने से सामान्य वर्ग के शिक्षार्थियों पर इस बात का मानसिक दबाव बना रहेगा कि कहीं उस पर झूठा व गलत ईल्जाम लगा कर उनके कैरियर को धूमिल न कर दें। एक ही संस्था में साथ रह कर अध्यन करना, रहना, सहना व खाना पीना सदैव इस देश की परम्परा रही है। जिसका पूरा विश्व लोहा मानता है। लेकिन इस विनियम के लागू होने के बाद शिक्षार्थी जो हमेशा एक दूसरे के पूरक होते हैं जातिय वर्ग के आधार पर बंट जाएंगे तथा एक दूसरे को अलग-थलग समझने लगेंगे। जिससे उनके उच्च शिक्षा ग्रहण करने का पथ बाधित होगा। उन्होंने कहा कि इस विनियम में साफ तौर पर झलकता है कि केवल सामान्य वर्ग के शिक्षार्थी ही हिंसक व अत्याचारी होते हैं जबकि धरातल पर ऐसा कुछ भी नही है।




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए ब्राह्मण समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

#### हक का हनन होगा

सभी शिक्षार्थी एक-दूसरे की सहायता व सहयोग के लिये समर्पित रहते हैं लेकिन विनियम के लागू होने से वो वैचारिक तौर पर एक दूसरे को विरोधी समझने लग जाएंगे। हमारे पावन ग्रंथ संविधान में सभी देशवासीयों को समानता का अधिकार दिया है। इस विनियम के लागू होने से समानता के हक का हनन होगा। क्योंकि एक ही संस्था में सामान्य वर्ग के शिक्षार्थियों के लिए इस विनियम के तहत अलग नियम बना कर समानता के हक को निरर्थक बनाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षण संस्थानों में रोजाना सुबह प्रार्थना सभाओं में संविधान की प्रस्तावना बच्चों द्वारा पढ़ी जाती है।

---

## बढ़ी पशु चोरी की घटनाओं के चलते एसपी से मिले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

बढ़ती पशु चोरी की वारदातों को लेकर वीरवार को गांव ढाठरथ के ग्रामीण एसपी से मिले। उन्होंने मांग की कि पशु चोरी की वारदातों पर रोक लगाई जाए। गांव के कुछ युवकों के खिलाफ दर्ज किए मामले को रद्द किया जाए और कैंटर मालिक से सख्ती से पूछताछ की जाए। एसपी ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। गांव ढाठरथ के सरपंच बीरबल के नेतृत्व में ग्रामीण वीरवार को एसपी कुलदीप सिंह से मिले। उन्होंने कहा कि गांव में काफी पशु चोरी की वारदात हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने पशु चोरों के एक कैंटर को भी पकडा था। जिसने पुलिस को सौंप दिया। कैंटर को चोरीशुदा बताया जा रहा है लेकिन उन्हें कैंटर मालिक पर पशु चोरी मे शामिल होने का संदेह है। जिसे पुलिस गंभीरता से नही ले रही है।

**संदिग्ध कैंटर मालिक से सख्ती से पूछताछ करने की मांग**



जींद। एसपी से मिलने आए ग्रामीण।

## बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया

- पुलिस की टीम ने परिजनों से बिछड़े एक बच्चे को मात्र तीन घंटे में उसके परिजनों को सौप विशेष कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

जिला बाल कल्याण समिति व पुलिस की टीम ने परिजनों से बिछड़े एक बच्चे को मात्र तीन घंटे में उसके परिजनों को सौप विशेष कार्य किया है। बता दें कि एक गुमशुदा बालक को थाना शहर पुलिस द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। इसके बाद बालक को एएचटीयू, स्टेट क्राइम ब्रांच, कैथल की टीम को सौंप दिया गया। एएसआई रमेश चंद द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बालक को बाल कल्याण समिति कैथल के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



राजौंद। जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल बच्चे को उसके परिजनों को सौपते हुए।

#### परिजनों ने जताया टीम का आभार

बाल कल्याण समिति, कैथल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की। चेयरमैन भीम सेन अग्रवाल के मार्गदर्शन में समिति ने तेजी से कार्य करते हुए बालक की पहचान सुनिश्चित की। उनके विशेष प्रयासों से मात्र 3 घंटे के भीतर बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलवा दिया गया। परिजनों ने बाल कल्याण समिति, विशेष रूप से चेयरमैन भीम सेन अग्रवाल, पुलिस विभाग एवं एएचटीयू टीम का आभार व्यक्त किया। बता दें कि यह कार्य बाल कल्याण समिति, कैथल की बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजगता और जिम्मेदारी को दर्शाता है।

## सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

सांसद नवीन जिंदल की पहल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का सफल संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 20वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पाई गांव के ग्राम सचिवालय में सफल आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चले इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की और विभिन्न निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का 1264 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, स्त्री रोग जांच एवं परामर्श, स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग, सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा एनीमिया जांच जैसी सेवाएं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।



पूंडरी। पाई में स्वास्थ्य कैम्प में जांच करते हुए डॉक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

---

**परीक्षा** | मिशन बुनियाद लेवल 2 में जिले के 538 विद्यार्थियों ने की परीक्षा उत्तीर्ण

# बारह खुर्द स्कूल के विद्यार्थी आयुष सिवाच ने प्रदेश में तृतीय व जिले में पाया प्रथम स्थान

- प्रथम स्थान हासिल किया
- अब लेवल 3 की परीक्षा मार्च के अंतिम सप्ताह में होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मिशन बुनियाद लेवल 2 में जिले के 538 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसमें राजकीय कन्या मिडिल स्कूल बारह खुर्द के विद्यार्थी आयुष सिवाच ने जिला जींद में प्रथम स्थान व राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय की छात्रा सेजल लोहान ने जिले मे 19वां व नितिन ढिल्लों ने 21वां स्थान प्राप्त किया है। मिशन बुनियाद लेवल 2 परीक्षा 30 जनवरी को जिलेभर में पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। 1343 विद्यार्थियों में से 1279 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 64 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। लगभग एक महीने बाद मिशन बुनियाद लेवल 2 का परिणाम घोषित किया गया है।



जींद। आयुष को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### जिले के टॉप स्कूल

मिशन बुनियाद लेवल 2 में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सफीदों के 12 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अलावा राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों के 11 विद्यार्थियों ने मिशन बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा उत्तीर्ण की। सभी को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित।

#### टॉप थ्री विद्यार्थी

मिशन बुनियाद के लेवल 2 परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या मिडिल स्कूल बराह खुर्द के विद्यार्थी आयुष सिवाच ने 48 अंक लेकर जिले में पहला और प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं राजकीय मिडिल स्कूल हरीगढ़ के विद्यार्थी प्रितांशु ने 44 अंक लेकर जिले में दूसरा और प्रदेश में 15वां स्थान हासिल किया।

#### उत्कृष्ट रहा जिले का परिणाम

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह ने बताया कि मिशन बुनियाद के तहत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। यह शिक्षा विभाग की एक अच्छी पहल है। शिक्षा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद लेवल 2 का परिणाम जारी किया गया है। इसमें जिले के 538 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## मिशन बुनियाद लेवल-2 का परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

मिशन बुनियाद कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा लेवल-2 का परिणाम वीरवार को जारी हो गया। इस परिणाम में जिले के 386 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। बता दें कि प्रदेश में 30 जनवरी को आयोजित हुई इस परीक्षा में लगभग 25 हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। जिले में उत्तीर्ण हुए 386 में से सबसे अधिक कैथल खंड के 122 विद्यार्थी शामिल हैं। जवहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना के सबसे अधिक 12, राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर के 9, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टीक के 8 और आरोही स्कूल सौंगरी के 8 विद्यार्थी शामिल हैं। डीईओ सुभाष ने बताया कि लेवल-2 में सफल विद्यार्थियों के लिए लेवल-3 परीक्षा मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में गणित विषय के वर्णात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ और तार्किक क्षमता का आकलन किया जाएगा। लेवल-3 में सफल विद्यार्थी सत्र 2026-28 के लिए अंतिम रूप से चयनित होंगे और मई के प्रथम सप्ताह से कक्षाएँ प्रारंभ होंगी। मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2022 में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव को सुदृढ़ करने और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों को भविष्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इसमें विशेष रूप से गणितीय एवं तार्किक क्षमता के विकास पर जोर दिया जाता है।

- आरोही स्कूल ग्योंग का साहिल रहा जिले में प्रथम
- मार्च के अंतिम सप्ताह में होगी लेवल-3 परीक्षा

#### आरोही स्कूल ग्योंग का साहिल जिले में प्रथम



जिले में आरोही स्कूल ग्योंग का साहिल जिले में प्रथम रहा। जबकि उसका प्रदेश में 70वां रैंक रहा। राजकीय माध्यमिक विद्यालय मंडवाल का यशदीप गिल द्वितीय रहा और प्रदेश का रैंक 103 रहा। आरोही स्कूल रामगढ़ पांडवा की चंचल तृतीय रही और प्रदेश का रैंक 145 रहा।